प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

7 दिसंबर 2022

# वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्यनिष्पादन

आज, रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 2,740 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2021-22 की दूसरी तिमाही और 2022-23 की पहली तिमाही के आंकड़े भी तुलना करने के लिए तालिकाओं में प्रस्तुत किए गए हैं। इन आंकड़ों को https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42. पर प्राप्त किया जा सकता है।

## *मुख्य बिंदु*

### *बिक्री*

- सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री में पिछली तिमाही में 41.0 प्रतिशत और पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही में 31.8 प्रतिशत की तुलना में 2022-23 की दूसरी तिमाही में 22.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) संवृद्धि दर्ज की गई (तालिका 1ए)।
- 2022-23 की दूसरी तिमाही में 1,702 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की कुल बिक्री में 20.9 प्रतिशत की स्थिर संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई, जो पेट्रोलियम, रसायन और ऑटोमोबाइल उद्योगों में उच्च बिक्री संवृद्धि द्वारा संचालित है (तालिका 2ए और तालिका 5ए)।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों ने अपने निरंतर अच्छे प्रदर्शन को जारी रखा और तिमाही के दौरान 21.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की मजबूत बिक्री संवृद्धि दर्ज की (तालिका 2ए)।
- 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री उच्च स्तर पर रही, जो व्यापार, परिवहन और होटल और रेस्तरां क्षेत्र की अच्छी संवृद्धि के कारण है (तालिका 2ए और तालिका 5ए)।

### व्यय

- कच्चे माल पर विनिर्माण कंपनियों का व्यय वार्षिक आधार पर (वर्ष-दर-वर्ष) 27.8 प्रतिशत बढ़ा, जो मात्रा और मूल्य दोनों प्रभावों के कारण था, तथापि इसमें क्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) आधार पर कमी आई। बिक्री की तुलना में कच्चे माल के व्यय के अनुपात द्वारा मापी गई निविष्टि लागत का दबाव एक वर्ष पहले की तुलना में अधिक था, तथापि यह पिछली तिमाही से कम हुआ।

- विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए कर्मचारियों की लागत में वार्षिक वृद्धि क्रमशः 9.4 प्रतिशत, 24.1 प्रतिशत और 19.9 प्रतिशत रही, जबकि बिक्री की तुलना में उनके कर्मचारियों की लागत का अनुपात क्रमशः 5.2 प्रतिशत, 50.3 प्रतिशत और 8.0 प्रतिशत रहा (तालिका 2ए और 2बी)।

**लाभ**

- 2022-23 की दूसरी तिमाही में 2021-22 की इसी तिमाही की तुलना में सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों के परिचालन लाभ में कमी आई, जबकि सेवा कंपनियों (आईटी और गैर-आईटी दोनों) के परिचालन लाभ में वृद्धि दर्ज की गई (तालिका 2ए)।
- क्रमिक आधार (तिमाही-दर-तिमाही) पर, आईटी कंपनियों के परिचालन लाभ में सुधार हुआ लेकिन अन्य दो समूहों में गिरावट दर्ज की गई।

**ब्याज**

- 2022-23 की दूसरी तिमाही के दौरान विनिर्माण कंपनियों का ब्याज व्याप्ति अनुपात (आईसीआर)[1] कम हुआ लेकिन यह इकाई से काफी ऊपर रहा; गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर इकाई से नीचे बना रहा (तालिका 2बी)।

**मूल्य निर्धारण क्षमता**

- विनिर्माण कंपनियों के परिचालन लाभ मार्जिन में पिछली तिमाही की तुलना में कमी आई जिससे उनकी मूल्य निर्धारण क्षमता प्रभावित हुई, जैसा कि निवल लाभ मार्जिन में परिलक्षित होता है; जबकि आईटी कंपनियों के लिए वृद्धि हुई है, गैर-आईटी सेवा कंपनियों में मुख्य रूप से दूरसंचार और परिवहन कंपनियों द्वारा दर्ज की गई हानियों के कारण निवल घाटा जारी रहा (तालिका 2बी और तालिका 5बी)।

**सारणियों की सूची**

| सारणी सं. | | शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 1 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 2 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |

[1] आईसीआर (अर्थात्, ब्याज और कर से पहले की आय का ब्याज व्यय का अनुपात) एक कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का एक उपाय है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है

<table>
<tr><td rowspan="2">3</td><td>ए</td><td rowspan="2">चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">4</td><td>ए</td><td rowspan="2">बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">5</td><td>ए</td><td rowspan="2">उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td colspan="4">व्याख्यात्मक टिप्पणियां</td></tr>
<tr><td colspan="4">शब्दावली</td></tr>
</table>

**नोट:**

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1326**